योग्यता छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्य अतिथि, शिक्षक एवम पुरस्कृत विद्यार्थी

प्रकाशनार्थ

“अनुशासन, मेहनत और चरित्र सफलता की नींव" - डॉ. कुशल नाथ मिश्र

“महाराणा प्रताप महाविद्यालय में योग्यता का सम्मान, मेधावी छात्रों को मिला छात्रवृत्ति का गौरव”

11 दिसम्बर 2025,गोरखपुर। महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर में विभिन्न कक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा सर्वाधिक अंकों के अर्जन के आधार पर आयोजित योग्यता छात्रवृत्ति वितरण समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा व परिश्रम के गौरवमय उत्सव के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महायोगी गुरु श्रीगोरक्षनाथ शोधपीठ, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के उप- निदेशक डॉ. कुशल नाथ मिश्र उपस्थित रहे। डॉ. मिश्र ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग्यता छात्रवृत्ति केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि प्रतिभा का सम्मान और भविष्य के प्रति विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से मेहनत, अनुशासन और नैतिकता को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि सफलता किसी एक क्षण का परिणाम नहीं, बल्कि सतत प्रयासों

की यात्रा है। यह आयोजन न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करता है, बल्कि शैक्षणिक एवं क्रीड़ा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में महाविद्यालय की प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश भी देता है। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उन्होंने समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकगणों को भी विद्यार्थियों की सफलता का आधार बताते हुए उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार चौधरी ने छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा, सकारात्मक सोच और लक्ष्य निर्धारण की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर इस प्रकार की पहल करता रहेगा। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को छात्रवृत्ति राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 40 विद्यार्थियों को योग्यता छात्रवृत्ति एवं 07 विद्यार्थियों को क्रीडा छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन रसायन विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बर्नवाल ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं पुरस्कृत विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी